लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 11 July 2023

NBT PAGE 6



लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रवेश परीक्षा के दौरान वीसी प्रो. आलोक राय ने किया दौरा।

बीएलएड में खाली रह जाएंगी सीटें

■ एनबीटी सं, लखनऊ

एलयू में सोमवार को हुई प्रवेश परीक्षा में बीएलएड और डीफॉर्मा के 679 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। फिलहाल केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया (सीएपी) के तहत बीएलएड की सीटें भरती नजर नहीं आ रही हैं। सीएपी से बीएलएड पाठ्यक्रम के लिए लखनऊ के 19 कॉलेज जुड़े हैं। इन सभी कॉलेजों में 875 सीटें हैं। जबकि बीएलएड की प्रवेश परीक्षा के लिए 475 अभ्यर्थी ही पंजीकृत थे। इसमें 335 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी और 143 अनुपस्थित रहे। बीएलएड की 875 सीटों के सापेक्ष 540 सीटें खाली रह जाएंगी। वहीं डीफॉर्मा के लिए 1155 आवेदन किए गए थे। 619 अभ्यर्थी ही प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए जबकि 536 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी है।

बीकॉम और बीकॉम ऑनर्स का एंट्रेंस आज

एलयू में मंगलवार को बीकॉम की प्रवेश परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक और बीकॉम ऑनर्स की परीक्षा दोपहर 2:30 से 4 बजे तक होगी। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 8,000 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की दो प्रतियां और आईडी साथ में ले जानी होगी। परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट पहले पहुंचना होगा।

LU में बीएलएड और डीफॉर्मा के 679 अभ्यर्थियों ने छोड़ी प्रवेश परीक्षा

सम सेमेस्टर के फॉर्म 20 तक भरने का मौका

एलयू में सम सेमेस्टर की परीक्षा के फॉर्म 20 जुलाई तक भरने का मौका है। परास्नातक (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर), प्रबंधकीय परास्नातक (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर), वीबीए (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर) और एमबीए पांच वर्षीय (आठवें सेमेस्टर) के फॉर्म ऑनलाइन भरे जा सकते हैं।

LU में 50 स्टूडेंट्स को मिली स्कॉलरशिप

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में सोमवार को आर्थिक रूप से कमजोर 50 स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दी गई। एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के लिए 322 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। इनमें से अलग-अलग विभागों से प्रतिभा के अनुसार 50 स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप के लिए चुना गया। डीएसडब्ल्यू प्रो.पूनम टंडन ने बताया कि पात्र स्टूडेंट्स के खाते में 15,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। वीसी ने चयनित स्टूडेंट्स को प्रमाणपत्र वितरित किए।

योग पर 11 सेमिनार और 9 कार्यशालाएं हुईं

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में सोमवार को योग सभागार में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्वार्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव बताया कि इस दौरान मुख्य रूप से नाव पर योग और प्लानिंग योग के साथ विभाग में 11 सेमिनार और 9 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अशोक कुमार सोनकर, प्रो. वीडी सिंह, प्रो. एके सिंह भी शामिल रहे।

कविता पाठ में हशमिता अव्वल

■ एनबीटी सं, लखनऊ : गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर एलयू के कैलाश गर्ल्स हॉस्टल में 8 मई को हुई कविता पाठ प्रतियोगिता में विजेयी प्रतिभागियों को सोमवार को पुरस्कृत किया गया। इनमें एमए अंग्रेजी की छात्रा हशमिता अरोड़ा प्रथम स्थान पर रहीं। वीए तृतीय वर्ष की छात्रा दिव्या लता गौर्य को दूसरा स्थान मिला। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो.पूनम टंडन और चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह भी शामिल रहे।

i-NEXT PAGE 5

लखनऊ यूनिवर्सिटी में सोमवार से शुरू हो गए एंट्रेंस एग्जाम

1633 में से 706 स्टूडेंट्स पहले ही आउट

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

सेंटर से एंट्रेंस एग्जाम देकर निकलते स्टूडेंट्स.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में पहले दिन दो पालियों में हुआ एग्जाम

1633	954	706
स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे पहले दिन एंट्रेंस एग्जाम के लिए	स्टूडेंट्स ही शामिल हुए पहले दिन एंट्रेंस एग्जाम में	स्टूडेंट्स नहीं आए पहले दिन एंट्रेंस एग्जाम देने

LUCKNOW (10 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी में अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम सोमवार से शुरू हो गए हैं. पहले दिन बीएएलएड व डीफार्मा में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम दो शिफ्ट में कराया गया. एग्जाम के लिए 1633 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे जिनमें से 954 ने एग्जाम दिया व 706 गैरहाजिर रहे.

अलग-अलग केंद्रों पर एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एग्जाम सुबह और शाम की पाली में अलग अलग केंद्रों पर आयोजित कराए गए, सुबह ओल्ड कैंपस में बीएलएड में एडमिशन के लिए एग्जाम कराया गया. जिसमें 335 स्टूडेंट्स एग्जाम देने पहुंचे और 143 अनुपस्थित रहे. वहीं, दोपहर की पाली का एग्जाम न्यू कैंपस में डीफार्मा में एडमिशन के लिए एग्जाम कराया गया. इस एग्जाम के लिए 1155 कैंडीडेट रजिस्टर्ड थे, जिनमें 619 ने एग्जाम दिया. गौरतलब है कि लखनऊ यूनिवर्सिटी में एंट्रेंस एग्जाम 16 जुलाई तक चलेंगे.

8 हजार कैंडीडेट्स रजिस्टर्ड

लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में मंगलवार को सभी केंद्रों को मिलाकर लगभग 8000 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे हैं. सुबह 10.30 बजे और दोपहर 12 बजे दो पाली में बीकॉम एंट्रेंस एग्जाम होगा. यह एग्जाम संकेंड कैम्पस में होगा. वहीं दूसरी पाली में बीकॉम ऑनर्स का एग्जाम होना है यह ओल्ड कैंपस व न्यू कैंपस दोनों में होगा.

वीसी ने किया निरीक्षण

पहले दिन परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लेने लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय पहुंचे. उन्होंने परीक्षा कक्ष में पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. यही नहीं, उन्होंने एग्जाम को लेकर की गई व्यवस्थाओं को लेकर भी स्टूडेंट्स से बात की. स्टूडेंट्स ने व्यवस्थाओं को अच्छा बताया.

इसका रखें ध्यान

लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एडमिट कार्ड के साथ परीक्षा के प्रवेश पत्र की दोनों प्रतियों पर अभ्यर्थी अपना पासपोर्ट साइज का फोटो जरूर चिपका लें. साथ ही परीक्षा में आधार कार्ड या कोई न कोई वैध परिचयपत्र जिनका उल्लेख प्रवेशार्थियों के प्रवेश पत्र पर है लेकर अवश्य आएं.

लगभग 8000 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे हैं

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : 17 तक स्नातक और 20 तक छात्र भर सकेंगे पीजी के परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लविवि में अब स्नातक के विद्यार्थी 17 और परास्नातक के 20 जुलाई तक विवि की वेबसाइट पर फॉर्म भर सकेंगे। 22 जुलाई तक उसका प्रिंटआउट जमा करना होगा। कॉलेज के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म का प्रिंटआउट महाविद्यालय में जमा करना होगा। वहां से लविवि में परीक्षा फॉर्म का प्रिंटआउट तथा फीस जमा की जाएगी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में 50 विद्यार्थियों को मिली स्कॉलरशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर 50 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी गई। जिसे उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के लिए 322 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से अलग-अलग विभागों से प्रतिभा के अनुसार 50 छात्रों को स्कॉलरशिप के लिए चुना गया।

LUCKNOW (10 July): लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर 2023 की परीक्षाओं के आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि 20 जुलाई तक निर्धारित कर दी है. इनमें परास्नातक दूसरे, चौथे, प्रबंधकीय परास्नातक दूसरे, चौथे, बीबीए दूसरे, चौथे और एमबीए पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के आठवें सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को परीक्षा फार्म भरने का मौका दिया गया है. विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है. सोमवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है.

प्रयोगात्मक परीक्षा 14 को

लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग ने बीएससी छठे सेमेस्टर के जावा, नेट फ्रेमवर्क पेपर की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 14 जुलाई तय की है. परीक्षा का समय सुबह 11 से शाम पांच बजे तक रहेगा.

JAGRAN CITY PAGE I & III

50 विद्यार्थियों को मिली छात्र कल्याण छात्रवृत्ति

छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के लिए चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रमाण पत्र दिया ● सौजन्य : लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्र कल्याण छात्रवृत्ति योजना के लिए 50 विद्यार्थियों का चयन किया है। इन सभी को 15-15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देकर पैसा उनके खाते में स्थानांतरित किया गया। सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन छात्र-छात्राओं से बातचीत करने के साथ उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि इस साल छात्र कल्याण छात्रवृत्ति योजना का तीसरा चरण है। इस छात्रवृत्ति के लिए 322 आवेदन आए थे, जिनमें से 50 विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा और विभागवार विरतण के आधार पर चुना गया। गौरतलब है कि लवि वर्तमान में विद्यार्थियों के हित में छात्र कल्याण छात्रवृत्ति, कर्मयोगी योजना और शोध मेधा छात्रवृत्ति योजना संचालित कर रहा है।

25 शिक्षकों को दिया योग सेवा सम्मान

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में सोमवार को 9वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन उपस्थित रहीं।

उन्होंने योग आसन, निबंध और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने 18 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत हुए कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योग 25 शिक्षकों को योग सेवा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर योग एवं वैकल्पिक संकाय के डीन प्रो. अशोक कुमार सोनकर, आदि उपस्थित रहे।

लवि : पहले दिन 58 प्रतिशत ने दी स्नातक प्रवेश परीक्षा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से स्नातक प्रवेश परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन बीएलएड और डीफार्मा में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। इनमें 1633 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 954 (करीब 58 प्रतिशत) अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 679 (42 प्रतिशत) ने यह परीक्षाएं छोड़ दीं। इस बीच कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण भी किया। मंगलवार को बीकाम और बीकाम आनर्स की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह की पाली में बीएलएड प्रवेश परीक्षा में 478 में से 335 अभ्यर्थी आए और 143 अनुपस्थित रहे। वहीं, शाम की पाली में डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा में 1155 में से 619 उपस्थित हुए। 536 ने परीक्षा छोड़ दी।

बीकाम, बीकाम आनर्स में शामिल होंगे 8000 अभ्यर्थी : मंगलवार को स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में लगभग 8000 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सुबह 10.30 से 12 बजे तक बीकाम की प्रवेश परीक्षा जानकीपुरम स्थित लवि द्वितीय परिसर सहित सात केंद्रों पर होगी। दोपहर की पाली में 2:30 से चार बजे तक बीकाम आनर्स की प्रवेश परीक्षा लवि के दोनों परिसर में होगी।

अवध गर्ल्स डिग्री कालेज में 12 से 31 जुलाई तक प्रवेश

संस्थान में बीए प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए तिथि निर्धारित कर दी है। प्राचार्य प्रोफेसर वीना राय ने बताया कि बीए में 12 से 31 जुलाई तक काउंसिलिंग कर प्रवेश लिए जाएंगे। 12 से 14 जुलाई तक सुबह 11 से 12.30 बजे और 17 से 31 जुलाई तक सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक प्रवेश का समय रहेगा। बीकाम प्रथम वर्ष के प्रवेश जारी हैं।

PIONEER PAGE 4

स्टूडेंट वेलफेयर स्कॉलरशिप के लिए 50 छात्र चयनित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की हैं, जिनका उद्देश्य बड़ी संख्या में छात्रों को सहायता प्रदान करना है। इन योजनाओं में छात्र कल्याण छात्रवृत्ति, कर्मयोगी योजना और शोध मेधा छात्रवृत्ति शामिल हैं। जो स्टूडेंट कल्याण फंड से योग्य और प्रतिभाशाली छात्रों को प्रदान की जाती हैं। कोविड महामारी के कठिन समय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अर्पण, अडॉप्ट अ ब्रेन योजना की शुरुआत की, जिसमें आर्थिक मंदी से प्रभावित परिवारों से संबंध रखने वाले 70 से अधिक छात्रों को आर्थिक और मानसिक सहायता प्रदान की गई। इस योजना में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, पुराने छात्रों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा वीसी केयर फंड एक अनूठी पहल है, जो छात्रों को आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। प्रो पूनम टंडनए अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के लिए 322 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 50 छात्रों को उनकी प्रतिभा और विभागवार वितरण के आधार पर चुना गया है। प्रो. राय ने बताया कि ये पात्र छात्र 15,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त करेंगे और यह छात्रवृत्ति राशि पहले ही उनके संबंधित बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गई है। कुलपति जी चयनित छात्रों के साथ बात चीत की और उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किए। इस अवसर पर, उन्होंने बताया कि इस साल छात्र कल्याण छात्रवृत्ति योजना के तीसरे चरण के सफल प्रयास का आयोजन हुआ है।

एलयू प्रवेश परीक्षा के पहले दिन 679 अभ्यर्थी गैरहाजिर, वीसी ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए सोमवार से प्रवेश परीक्षा शुरू हो गयी। प्रवेश परीक्षा के पहले दिन 679 छात्र गैरहाजिर मिले। जबकि परीक्षा के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने निरीक्षण कर प्रवेश परीक्षा का जायजा लिया।

सुबह की पाली में आज बीएआईइडी की परीक्षा थी। मुख्य परिसर में आयोजित परीक्षा के दौरान कुल 478 छात्रों को शामिल होना था। जिसमें 335 स्टूडेंट्स शामिल हुए। जबकि 143 गैरहाजिर मिले। वहीं शाम की पाली में नवीन परिसर में डीफार्म की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराई गयी। परीक्षा में कुल 1155 छात्रों को शामिल होना था। जिसमें 619 छात्र शामिल हुए और 536 अनुपस्थित मिले।

बीकॉम व बीकॉम आनर्स की परीक्षा आज

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के अन्तर्गत मंगलवार को सभी केंद्रों को मिलाकर लगभग 8000 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे है। नवीन परिसर में आयोजित सुबह की पाँली में बीकाम की प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा नवीन परिसर सहित सात केन्द्रों पर होगी। वहीं शाम को मुख्य परिसर व नवीन परिसर में बीकॉम आर्नस की परीक्षा होगी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

लविवि की प्रवेश परीक्षा में 954 अभ्यर्थी हुए शामिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की दो पालियों में प्रवेश परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन की परीक्षा में कुल 954 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 679 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी।पहली पाली में बीएलएड की परीक्षा में 335 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 143 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वही दूसरी पाली में डीफार्म की परीक्षा में 619 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 536 अभ्यर्थियोंने परीक्षा छोड़ दी। इस परीक्षा के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

आज होगी बीकॉम और बीकॉम आनर्स की परीक्षा: लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के तहत 11 जुलाई से सभी केंद्रों को मिलकर लगभग आठ हजार अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होरहे है।इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रातः कालीन (10:30 -12:00) पाली में बीकॉम की प्रवेश परीक्षा है जो जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर सहित सात परीक्षा केंद्रों में है। वहीं शाम की पाली (2:30-4:00 बजे)में बीकॉम आनर्स की प्रवेश परीक्षा है जिसका परीक्षा केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय के बाबूगंज स्थित पुराने परिसर एवं जानकीपुरम स्थित परिसर है।

50 विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के लिए 322 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 50 छात्रों को उनकी प्रतिभा और विभागवार वितरण के आधार पर चुनाया है। इन छात्रों को छात्रवृत्ति उनकेखाते मेंट्रांसफरकरदी गयी है।इसकी जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि ये पात्र छात्र 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त करेंगे और यह छात्रवृत्ति राशि पहले ही उनके संबंधित बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गयी है। कुलपति ने चयनित छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किये।

HT PAGE 2

SEVERAL SKIP LUCKNOW UNIV UNDERGRADUATE ENTRANCE TESTS

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW : Several candidates skipped Lucknow University undergraduate entrance test 2023 on day one here on Monday, informed Durgesh Srivastava, LU spokesperson.

In the morning shift in the B.El.Ed test, out of 478 candidates, 335 were present and 143 remained absent. In the evening shift, for the diploma in pharma entrance test out of 1155 candidates, 619 were present while 536 were absent.

Srivastava said that this is a routine phenomenon every year. The candidates apply at multiple places for admissions; hence they must have skipped. Vice-chancellor Prof AK Rai took a round of the exam centre to see the progress of the test.

50 students get Rs 15k assistance under Chatra Kalyan Scholarship

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW : Lucknow University (LU) on Monday distributed Chatra Kalyan Scholarship to 50 students who were selected based on their merit. They received financial support of Rs 15,000 and this scholarship amount has been transferred to their bank accounts, said prof Poonam Tandon, dean of students welfare at LU.

Prof Tandon said that the university received 322 applications for the scheme and after a thorough evaluation process, 50 students were selected on the basis of faculty-wise distribution. Only those who are eligible to apply are whose family annual income is Rs 3 lakh or less. Vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai interacted with the selected students and personally handed over the certificates. During the event, he emphasized that this year marks the successful implementation of the third cycle of the Chatra Kalyan Scholarship scheme.

The scheme stands as a testament to the commitment of the university towards the welfare of the students. By providing financial assistance to deserving students, the scheme not only promotes academic excellence but also helps in realizing their aspirations and ambitions, said Professor Tandon.

The University of Lucknow has launched several welfare schemes aimed at supporting and benefiting deserving students. These schemes include the Chatra Kalyan Scholarship, Karmayogi Yojana, and Shodh Medha Scholarship, all of which are provided to deserving and meritorious students from the student welfare fund.

During the challenging times of the Covid pandemic, LU initiated the "Arpan - Adopt a Brain" Scheme, which provided financial and moral support to over seventy students who belonged to families affected by the economic downturn.

This scheme witnessed the active participation of teachers, alumni, and employees of the university who lent their support to these students.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में सोमवार को योग सभागार में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. पूनम टंडन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में योग दिवस को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव तथा समस्त योग एवं वैकल्पिक संकाय को धन्यवाद दिया और बताया कि प्रत्येक व्यक्ति योग को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन को सरल और सुखी बना सकता है।

योग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने भारत को ऋषि एवं कृषि प्रधान देश से संबोधित किया। योग दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गयाए जिसमें मुख्य रुप से नाव पर योग तथा प्लानिंग योग के साथ विभाग में 11 सेमिनार एवं 9 कार्यशाला रही। डॉ यादव ने बताया कि योग एक जीवन प्रथा है जिसमें शरीर का स्वास्थ्य,चरित्र जागरण और उचित आचरण का मार्ग प्रशस्त करता है। विधि संकाय के डीन प्रो. बीडी सिंह ने योग की बढ़ती मांग तथा उनसे प्राप्त होने वाले सफल परिणामों पर चर्चा की।

TOI PAGE 2

2 LU scholars to show research work in France

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Two research scholars from physics department of Lucknow University– Sarvesh Kumar Avinashi and Shweta— will present their research work at the 8th International Conference on Material Science and Engineering in Paris, France.

The conference, scheduled on September 21-22, will see researchers discuss advancements in the field.

LU VC Prof Alok Kumar Rai said: "It is a great honour for our institution to have two of our research scholars selected for this conference.

The research work is a collaboration between the scholars and CDRI led by Divya Singh and Kriti Sharma. PhD supervisor CR Gautam acknowledged the contributions of other research scholars – Rajat Kumar Mishra, Savita Kumari, Ejaz Hussain and Jairin Fatima. Avinashi's presentation will focus on "morphological, mechanical and biological evolution of pure hydroxyapatite and its composites with titanium carbide for biomedical applications."

Shweta's presentation will discuss "structural, morphological and mechanical insights from La2O3 doped machinable silicate glass ceramics for biomedical applications."

Shweta & Sarvesh Kumar Avinashi

LOKSATYA PAGE 2

योग दिवस के समापन पर सम्मान

लखनऊ, लोकसत्य

विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन में लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से योग सभागार में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समापन पर सम्मान समारोह हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो.पूनम टंडन,डीन स्टूडेंट वेलफेयर लखनऊ विश्वविद्यालय, कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव व समस्त योग एवं वैकल्पिक संकाय को आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति योग को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन को सरल और सुखी बना सकता है। योग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने भारत को ऋषि एवं कृषि प्रधान देश से संबोधित किया। विधि संकाय के प्रो.आरके सिंह प्रो.वरुण छाछर, डा अनुराग श्रीवास्तव, डॉक्टर अनुपमा श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर पर्यटन एवं अध्ययन संस्थान, प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी, निदेशक फार्मेसी संस्थान, योग एवं वैकल्पिक संकाय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, योग प्रशिक्षक मौजूद रहे।